**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**15.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

## बिरसा मुंडा–पुष्पांजलि

आज महान स्वतंत्रता सैनानी और आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित संसद परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी जयंती 2021 से देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि धरती आबा और अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत सदैव अमर रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के इस अवसर पर पूरा देश मातृभूमि के गौरव की रक्षा में बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को श्रद्धापूर्वक याद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेशी शासन के अन्याय के विरुद्ध बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

---

## चिट्टा वॉकाथन

राज्य सरकार ने प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ आज से एक व्यापक अभियान शुरू किया है जो अगले तीन महीने तक चलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से वॉकाथन के साथ इस अभियान का शुभारम्भ किया। वॉकाथन में बड़ी संख्यां मे स्कूली बच्चों व अन्य लोगों ने भाग लिया। वॉकाथन का आयोजन रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लोगों को नशा मुक्त हिमाचल की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी और पंचायत स्तर तक ये अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देने का आहवान किया।

---

## नड्डा–अमृत दस वर्ष

किफायती दवाएं और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण ''अमृत'' पहल ने आज 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। नई दिल्ली में अमृत की 10वीं वर्षगांठ समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्षों में मरीजों को लगभग आठ हजार 5 सौ करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2 सौ 55 अमृत फार्मेसी हैं, जो दवाओं, प्रत्यारोपणों, सर्जिकल डिस्पोजेबल्स और अन्य उपभोग्य सामग्रियों सहित छह हजार 5 सौ से अधिक उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करती हैं।

.........................................................................

**पीएम केयर्स**

केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत है। इसी तरह प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना कोविड–19 महामारी के दौरान अपने माता–पिता खो चुके बच्चों के लिए मददगार बनी है। ऊना जिला के चार अनाथ बच्चों को योजना के तहत 20 हजार रूपए प्रति वर्ष दिए जा रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना संवाददाता– ...................

......................................................